शनिवार
28 जनवरी 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



गणतंत्र दिवस पर आन-बान और शान से लहराया तिरंगा 3


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक





भारत के 74वें गणतंत्र दिवस के मौके पर राजधानी दिल्ली के कर्तव्यपथ पर देश की आन-बान और शान दिखाई दी। देश की सैन्य शक्ति और एकता-अखंडता की शक्ति की झलक देखने को मिली। कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस के जश्न का नजारा बेहद खास रहा। 17 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश की झांकियों के अलावा मंत्रालय से 6 झांकियां और रक्षा मंत्रालय से 4 झांकियां भी कर्तव्यपथ पर निकलीं। इस दौरान भारत ने अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया। ब्रह्मोस मिसाइल, सारथ कैरियर, वज्र जैसे घातक हथियारों को देखने के लिए भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ पहुंची। भारतीय सेना का 'अर्जुन एमके-1' टैंक कर्तव्य पथ पर गतिमान नजर आया। इस स्वदेशी टैंक की मार से भारत के दुश्मन घबराते हैं।

### बिहार कैबिनेट की बैठक में 21 एजेंडों पर मुहर

## विभिन्न विभागों में 321 नए पदों के सृजन की स्वीकृति

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को बिहार कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कुल 21 एजेंडों पर कैबिनेट की मुहर लगी है। इसके अलावा कैबिनेट की बैठक में बजट सत्र पर मुहर लगी है। सरकार ने 24 फरवरी से बिहार विधानमंडल का बजट सत्र बुलाया है। नीतीश कैबिनेट ने विभिन्न विभागों में 321 नए पदों के सृजन की स्वीकृति दी है। राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, सदर और अनुमंडल अस्पतालों में मरीजों के वस्त्रों की आपूर्ति, उसकी धुलाई तथा भवनों की साफ-सफाई जीविका दीदी करेंगी।

बख्तियारपुर में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का भवन बनेगा। राज्य योजना मद से सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में 1401 निमार्णाधीन अतिरिक्त क्लासरूम के लिए 27.71 करोड़, 83 निमार्णाधीन नवसृजित प्राथमिक विद्यालयों के लिए 7.33 करोड़ और आठ निमार्णाधीन भवनहीन विद्यालयों के काम को पूरा कराने के लिए 93.95 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। कुल 35 करोड़ 98 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई।

नालंदा खुला विश्वविद्यालय के शैक्षणिक/गैर-शैक्षणिक पदों पर वेतन-भत्ते की परेशानी को देखते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 में चार करोड़ 99 लाख 99 हजार रुपए सहायक अनुदान के रूप में बिहार आकस्मिकता निधि से स्वीकृत किए गए।

**जीविका दीदी करेंगी अस्पताल के मरीजों के कपड़ों की सफाई:** राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी सदर व जिला अस्पतालों के साथ ही अनुमंडल के अस्पतालों में इंडोर मरीजों के वस्त्रों की आपूर्ति, भवन व परिसर की साफ-सफाई और वस्त्रों की धुलाई की सेवा का काम बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन समिति द्वारा संतोषित जीविका के जरिए कराने के फैसले पर मुहर लगाई।

### महिला चरखा समिति को दो करोड़ रुपये सहायक अनुदान

पटना में लोकनायक जय प्रकाश नारायण के आवास में चलने वाली महिला चरखा समिति कदमकुआं को दो करोड़ रुपये सहायक अनुदान मद में दिए जाएंगे। चरखा समिति कॉरपस फंड के रूप में इसे रखेगी और इससे आने वाले ब्याज से संचालन करेगी।

दशकों से पटना का एक थाना खुद दूसरे थाना क्षेत्र में और वह भी स्टेडियम की दर्शक दीर्घा के पिछले हिस्से में चल रहा है। इस कदमकुआं थाना को अब राजेंद्रनगर में बनाने की स्वीकृति हो गई है।

अरवल, सुपौल, सोनपुर, शेखपुरा, बांका, गोपालगंज, जहानाबाद, मधेपुरा, नवादा और भागलपुर में से जहां शहरी क्षेत्र का विकास ठीक से नहीं हुआ है- वहां मुख्य शहर और जहां आसपास के किसी क्षेत्र को शहर के रूप में विकसित करने की संभावना हो, वहां उसका विकास किया जाएगा। समेकित और सुनियोजित रूप से विकसित करने के उद्देश्य से 10 आयोजना क्षेत्रों की घोषणा को स्वीकृति दी गई।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर बरसे उपेंद्र कुशवाहा

**पटना।** जेडीयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर बरसे। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि मुझे भी संतान है और उनको भी संतान है, कसम खाकर कहें कि एक बार भी उन्होंने मुझे खुद से बुलाया हो। नीतीश कुमार कह रहे हैं कि मिलकर पार्टी में बात करें। मैंने पार्टी से मांग की थी कि बैठक बुलाई जाए लेकिन कहने के बावजूद बैठक नहीं हो रही है। मंच तो उपलब्ध कराइए। बैठक करनी है तो अविलंब करें। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि 2020 के चुनाव के बाद उनकी पार्टी का जब विलय हुआ तभी उन्होंने कहा था कि पार्टी की स्थिति ठीक नहीं है। पार्टी को नंबर वन बनाना है। पार्टी को मजबूत करने की जरूरत है। यह भी कहा था कि यह चार-पांच लोगों को जिनको आप ठीक समझते हैं उनको बुलाइए और इसके लिए क्या रणनीति होगी उस पर चर्चा कीजिए। नीतीश कुमार ने हामी भरी उस समय, लेकिन आज तक उस दिशा में कुछ नहीं हुआ तो मिलकर बात करने का क्या मतलब है? कुशवाहा ने कहा कि आपकी पार्टी में अकेले उपेंद्र कुशवाहा आए गए वाला नहीं है। आपकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित अधिकांश लोग आए-गए वाले लोग हैं। सरकार बनने के बाद सत्ता भोगने के लिए उपेंद्र कुशवाहा नहीं आया। फिर नीतीश कुमार कहते हैं कि अपने मन से तीन बार आए। नीतीश कुमार सलाहकारों से हैंडल हो रहे हैं। खुद अपनी इच्छा से कुछ नहीं कर पा रहे हैं।

### परीक्षा पे चर्चा: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों से संवाद कर दिए संदेश

# सफलता के लिए कड़ी मेहनत करें, शॉर्टकट रास्ता न अपनाएं

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान कहा कि माता-पिता को सामाजिक स्थिति के कारण बच्चों पर दबाव नहीं डालना चाहिए। साथ ही उन्होंने छात्रों को अपेक्षाओं के किसी भी बोझ से बाहर निकलने के लिए अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। परीक्षा पे चर्चा वार्षिक संवाद के छठे संस्करण के दौरान छात्रों के सवालों का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि छात्रों को अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करनी चाहिए।

पीएम मोदी ने कहा कि नकल से किसी को एक या दो परीक्षा में मदद मिल सकती है लेकिन जीवन में लंबे समय में इसका लाभ नहीं मिलता। उन्होंने छात्रों से सबसे खास बाते ये कही कि कभी भी शॉर्टकट रास्ता न अपनाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि छात्रों की कड़ी मेहनत हमेशा उन्हें जीवन में आगे बढ़ने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि छात्रों को कई बार उन पर पड़ रहे दबाव का विश्लेषण करना चाहिए ताकि यह देखा जा सके कि कहीं वे अपनी



ताकत को कम तो नहीं आंक रहे हैं। मोदी ने कहा कि परिवार के सदस्यों की अपेक्षाएं होना स्वाभाविक है लेकिन अगर यह सामाजिक वर्ग या स्थिति से जुड़ा होता है तो गलत है। उन्होंने कहा कि जैसे एक बल्लेबाज दर्शकों के चौके और छक्के की मांग वाली आवाजों को नजरअंदाज करते हुए फेंकी गई गेंद पर ध्यान केंद्रित करता है। उसी प्रकार छात्रों को भी अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। परीक्षा पे चर्चा में भाग लेने के लिए इस वर्ष रिकॉर्ड 38 लाख छात्रों ने पंजीकरण कराया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के अनुसार, छात्रों का पंजीकरण पिछले साल की तुलना में 15 लाख अधिक है।

### छात्रा के सवाल पर बोले... यह आउट ऑफ सिलेबस

- छात्रों की कड़ी मेहनत हमेशा उन्हें जीवन में आगे बढ़ने में मदद करेगी
- छात्र अपने ऊपर आनेवाले दबाव का विश्लेषण करें ताकि यह देखा जा सके कि कहीं वे अपनी ताकत को कम तो नहीं आंक रहे

चर्चा के दौरान ऑनलाइन जुड़ी दक्षिण सिक्किम की एक छात्रा अष्टमी सेन ने प्रधानमंत्री से पूछा कि जब विपक्ष और मीडिया आपकी आलोचना करते हैं तो आप इनका सामना कैसे करते हैं, जबकि मैं अपने अभिभावकों की शिकायतों एवं निराशाजनक बातों का सामना नहीं कर पाती हूं। कृपया मेरा मार्गदर्शन कीजिए।

इस सवाल के जवाब में पहले तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मजाकिया लहजे में कहा कि यह सवाल आउट ऑफ सिलेबस है यानी पाठ्यक्रम से बाहर का है। लेकिन फिर आगे उन्होंने कहा कि आलोचना लोकतंत्र में शुद्धिकरण की तरह है। मेरा मानना है कि आलोचना एक पूर्ण शर्त है और एक समृद्ध लोकतंत्र के लिए शुद्धि यज्ञ है। पीएम मोदी ने सकारात्मक आलोचना और अनावश्यक व्यवधान के बीच अंतर को समझाते हुए माता-पिता को बच्चों पर अंकों को लेकर अनुचित दबाव न डालने की सलाह दी। वहीं, उन्होंने बच्चों से कहा कि यदि आप मेहनती और ईमानदार हैं, तो आपको आलोचनाओं की परवाह नहीं करनी चाहिए क्योंकि वे आपकी ताकत बनती हैं। अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें। पीएम ने कहा कि परिवार की उम्मीदें स्वाभाविक हैं, लेकिन अगर परिवार सामाजिक स्थिति को देख रहा है, तो यह सही नहीं है। ध्यान केंद्रित करें।

**समय प्रबंधन का महत्व भी समझाया**

प्रधानमंत्री ने छात्रों को समय प्रबंधन का महत्व भी समझाया। उन्होंने कहा कि समय प्रबंधन न केवल परीक्षाओं के लिए बल्कि आपके दैनिक जीवन में भी महत्वपूर्ण है। बस अपने काम को प्राथमिकता दें। यदि आप अपनी मां को देखेंगे, तो आप समझ पाएंगे कि अपने समय का प्रबंधन कैसे करना है।

### तालाब में डूबने से मां समेत तीन बच्चियों की मौत

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में एक गर्भवती महिला और उसकी 3 बच्चियां तालाब में डूब गईं। सभी का शव बरामद कर लिया गया है। घटना शुक्रवार सुबह जिले के कांटी थाना क्षेत्र के शाहपुर पंचायत स्थित शाहबाजपुर गांव में घटी। बताया जा रहा है कि महिला बच्चियों के साथ पशुओं का चारा लाने के लिए गई थी। इसी दौरान ये हादसा हो गया। मौके पर एनडीआरएफ की टीम पहुंची और शवों को निकाला। पहले मां और 2 बच्चियों का शव मिला। काफी खोजबीन के बाद शाम 4 बजे के करीब तीसरी बच्ची का शव भी मिल गया। स्थानीय पुलिस अब मामले की जांच में जुट गई है।






### 10 फरवरी से शुरू हो रहा सर्वजन दवा सेवन अभियान, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने लोगों से की अपील

# फाइलेरिया घातक बीमारी, इससे बचाव के लिए दवा खाएं: मंत्री

**केटी न्यूज/पटना**

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने 10 फरवरी से शुरू हो रहे सर्वजन दवा सेवन अभियान में आम-अवाम से फाइलेरिया से बचाव की दवा खाने और इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने खास तौर से जीविका दीदियों से खुद भी दवा खाने और अपने आस-पड़ोस के लोगों को इसके लिए प्रेरित करने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि आगामी 10 फरवरी से शुरू हो रहा यह अभियान अगले 14 दिन तक राज्य के 24 जिले में चलेगा। अपने वीडियो संदेश में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि फाइलेरिया घातक बीमारी है और यह लोगों को विकलांग तक बना देता है। इससे बचाव के लिए ही हर साल सर्वजन दवा सेवन



अभियान चलाया जाता है। इस अभियान में दवा खाने से फाइलेरिया की बीमारी से बचा जा सकता है। फाइलेरिया रोग के बारे में सही कहा गया है कि इसका इलाज से बेहतर बचाव ही है।

### जीविका दीदियों की भूमिका महत्वपूर्ण

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने इस बात पर चिंता प्रकट की कि अभी भी समाज में फाइलेरिया मरीज उपेक्षा का शिकार होते हैं। हाथीपांव के कारण हुई शारीरिक विकृति उनकी पहचान बन जाती है। विशेषकर ग्रामीण परिवेश में उन्हें कई स्तर पर उपेक्षित होना पड़ता है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया जैसे गंभीर रोग पर समुदाय को जागरूक करना हम सभी की सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है। आशा दीदियों के साथ-साथ जीविका दीदियाँ इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकतीं हैं।

### अभियान की सफलता पर जोर

इधर, केयर इंडिया के एनटीडी टीम लीडर विकास सिन्हा ने कहा कि सर्वजन दवा सेवन अभियान को सफल बनाने और हर व्यक्ति को दवा खिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग हर संभव प्रयास कर रहा है। समाज के प्रमुख लोगों की अपील और संदेश इसमें महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि हाथीपांव फाइलेरिया का सबसे विकराल रूप है। इसकी रोकथाम आसान है। साल में एक बार होने वाले एमडीए-फाइलेरिया में दवा खाने से इसकी रोकथाम संभव है। ऐसा पांच बार पांच सालों में दवा खाकर इसकी रोकथाम की जा सकती है।

### पूरी तरह से सुरक्षित है दवा का सेवन : डॉ. परमेश्वर प्रसाद

फाइलेरिया के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि फाइलेरिया एक लाईलाज बीमारी है जिससे बचाव का एकमात्र रास्ता दवा का सेवन करना है। फाइलेरिया क्यूलेक्स नाम के मच्छर के काटने से होता है। इसके कारण इंसान के शरीर के कई अंगों में सूजन आ जाती है और वह चलने फिरने में भी लाचार हो जाता है। फाइलेरिया से ग्रसित व्यक्ति में लक्षण दिखाई देने में 8 से 10 वर्ष का समय लग सकता है। इसीलिये इस रोग की रोकथाम के लिए राज्य सरकार द्वारा साल में एक बार फाइलेरिया की दवा सेवन के लिये सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जाता है। इस वर्ष यह 10 फरवरी से शुरू हो रहा है जो अगले चौदह दिन तक चलेगा। फाइलेरिया की दवा पूरी तरह सुरक्षित है और इससे कोई नुकसान नहीं होता है। इसलिए लोगों को एमडीए राउंड में दवा सेवन करने से संकोच नहीं करना चाहिए।

## खबरें फटाफट

### अलग-अलग जगह पर हुए हादसे में चार लोग जख्मी

**आरा।** जिले में गुरुवार को अलग-अलग सड़क हादसे में मां-बेटा समेत चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। चांदी थाना क्षेत्र के रूपचकिया गांव में गुरुवार की दोपहर पूजा करने जा रहे बाइक सवार मां-बेटा समेत तीन लोगों को ऑटो ने ठोकर मार दी। उसमें तीनों जख्मी हो गये। घायलों में चांदी गांव वार्ड नंबर 12 निवासी रामाकांत पासवान की पत्नी उर्मिला देवी,पुत्र रविंद्र कुमार और पोता रोहित कुमार शामिल है। रविंद्र कुमार ने बताया कि वह अपनी मां उर्मिला देवी और भतीजे रोहित के साथ बाइक से संदेश थाना क्षेत्र के तीर्थकोल गांव स्थित मंदिर में पूजा करने के लिए जा रहा था। उसी दौरान ऑटो ने बाइक में ठोकर मार दी। उससे तीनों बाइक से गिर पड़े। वहीं संदेश थाना क्षेत्र के फुलाड़ी गांव में पूजा करने जा रही अधेड़ महिला को ऑटो वाले ने टक्कर मार दी। उससे वह गंभीर रुप से जख्मी हो गई।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कुल्हड़िया रेलवे स्टेशन के समीप अप लाइन पर गुरुवार की दोपहर ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गयी। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। मृत युवक की उम्र करीब 28 वर्ष आंकी जा रही है। सूचना मिलने पर रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। उसके बाद पुलिस शव की पहचान करने और मामले की छानबीन में जुट गई है।

### मामूली विवाद में युवक को घोंपा चाकू

**आरा।** जिला मुख्यालय से सटे मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिरौटा गांव में गुरुवार की देर शाम मामूली विवाद में एक युवक के एक आंख में चाकू घोंप दिया गया। उसमें युवक की आंख बुरी तरह चोटिल गयी है। उससे पहले उसकी रॉड से जमकर पिटाई भी की गयी। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक पिरौटा गांव वार्ड नंबर 9 निवासी गोरख डोम का पुत्र रमेश डोम है। बगलगीर पर मारपीट करने और चाकू मारने का आरोप लगाया जा रहा है। जख्मी रमेश डोम की पत्नी ननकी देवी ने बताया कि उसकी बेटी और पड़ोसी की बेटी एक जगह सिलवट पर मसाला पीस रही थी। उस दौरान उसका पति खाना बनाने में लेट होने पर उसे और बेटी के साथ गाली-गलौज करने लगा। लेकिन पड़ोसी की लड़की ने समझा कि वह उसे गाली दे रहा है। उसको लेकर दोनों पक्षों के बीच नोकझोंक हुई। उसके बाद उक्त युवक ने पहले उसके पति की जमकर पिटाई कर दी। उसके बाद उसके आंख में चाकू घोंप दिया। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# सर्वे में एक घर न छूटे... टीबी के लक्षण वाले मरीजों की बलगम जांच जरूरी: सीएस

**केटी न्यूज/बक्सर**

- जिला यक्ष्मा केंद्र में अधिकारियों और कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण
- डब्ल्यूएचओ के प्रशिक्षक ने सर्वे से संबंधित विभिन्न मुद्दों की दी जानकारी
- सर्वप्रथम बीते तीन वर्षों में कोविड से संक्रमित हो चुके लोगों में टीबी की जांच करेंगे। उसके बाद टीबी के लक्षणों वाले लोगों की जांच होगी

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत केंद्र सरकार के निर्देश पर जिले में टीबी के मरीजों की पहचान के लिए सर्वे शुरू होने वाला है। इस क्रम में शुक्रवार को जिला यक्ष्मा केंद्र में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें एसटीएलएस व एसटीएस को सर्वे के विभिन्न मुद्दों और बिंदुओं पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में सिविल सर्जन सह प्रभारी जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. जितेंद्र नाथ ने बताया कि सरकार की ओर से चयनित जिले के सभी प्रखंडों के एक-एक गांव में सर्वे किया जाना है। जिनका चयन किया जा चुका है। उन गांवों में एक-एक घर में जाकर परिवार के सभी सदस्यों की जानकारी ऑनलाइन भरनी है। यदि सर्वे के दौरान टीबी के लक्षणों वाले मरीज मिलते हैं तो उनका बलगम संग्रहित कर जांच की जाएगी। साथ ही, टीबी के इलाजरत मरीजों की कॉन्टैक्ट लिस्ट तैयार कर उनमें टीबी के लक्षणों की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान एक भी घर न छूटे , इसका ध्यान रखा जाए। प्रशिक्षण में डब्ल्यूएचओ (विश्व स्वास्थ्य संगठन) के कंस्ल्टेंट डॉ. कुमार बिज्येंद्र सौरभ,



डॉट प्लस सुपरवाइजर सह जिला समन्वयक उत्तम कुमार, डाटा मैनेजर विजय प्रताप यादव, एसटीएलएस गौरव कुमार समेत अन्य एसटीएलएस व एसटीएस मौजूद रहे ।

**कोविड से संक्रमित हो चुके लोगों में होगी टीबी की जांच :** कंस्ल्टेंट डॉ. कुमार बिज्येंद्र सौरभ ने बताया, सरकार द्वारा चयनित गांवों में सिमरी प्रखंड का दुल्लीपुर, चक्की प्रखंड का चरखी मोड़, ब्रह्मपुर प्रखंड का ब्रह्मपुर, केसठ का देगौली, डुमरांव प्रखंड से टुड़ीगंज, सदर प्रखंड से बक्सर, चौसा प्रखंड का चौसा, राजपुर प्रखंड का सुजायतपुर, इटाढ़ी प्रखंड का खरहना व नावानगर प्रखंड का रुपसागर गांव शामिल हैं। जहां सर्वे किया जाएगा। इन गांवों में टीबी के लक्षणों वाले मरीजों के साथ साथ स्वस्थ्य लोगों की भी बलगम जांच की जाएगी। सर्वप्रथम बीते तीन वर्षों में कोविड से संक्रमित हो चुके लोगों में टीबी की जांच करेंगे। उसके बाद टीबी के लक्षणों वाले लोगों की जांच होगी। यदि इनमें से किसी की रिपोर्ट पॉजिटिव आती है, तो उसके संपर्क में रह चुके लोगों में टीबी की जांच की जाएगी। यह एक तरह से कोरोना जांच की तरह ही संचालित किया जाएगा। अभियान में चिह्नित गांव के एक-एक घर के सदस्यों की जांच की जानी है।

### लोगों को दी जाएगी एनटीईपी की जानकारी

प्रशिक्षण के दौरान कंस्ल्टेंट डॉ. कुमार बिज्येंद्र सौरभ ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2025 तक जिले को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसको लेकर जिला टीबी केंद्र द्वारा जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं। सर्वे के दौरान चिह्नित मरीजों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई, तो उनका निक्षय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करते हुए इलाज शुरू किया जाएगा। साथ ही, उनके परिवार के सभी सदस्यों में भी टीबी की जांच की जाएगी। ताकि, टीबी के संक्रमण प्रसार को चिह्नित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान गांव के लोगों को सरकार द्वारा राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी दी जानी है। ताकि, लोगों में जागरूकता आ सके। उन्हें बताया जाएगा कि जिले में टीबी मरीजों की पहचान से लेकर नि:शुल्क दवा वितरण एवं निक्षय योजना के तहत मरीजों को मिलने वाले लाभ को सुनिश्चित किया जा रहा है। ताकि, टीबी को जल्द से जल्द मिटाया जा सके।

### जगदीशपुर का मामला: गेहूं लगे खेत से साइकिल ले जाने से मना करना पड़ा भारी

# आपसी विवाद: घर में घुसकर वृद्ध किसान की बेरहमी से पिटाई, इलाज के दौरान मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नेउरपोखर के मोरचा टोला गांव में बीती रात एक बुजुर्ग किसान की हत्या कर दी गयी। गेहूं लगे खेत में साइकिल चलाने का विरोध करने पर उनको लाठी-डंडों से पीट-पीटकर मार डाला गया। बचाने गये किसान के पोते की भी जमकर पिटाई कर दी गयी। उसमें वह भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। मृतक नेउर पोखर मरचा टोला गांव निवासी स्व. जानकी सिंह के 70 वर्षीय पुत्र गंगा विशुन सिंह थे। जख्मी उनका पोता राजू सिंह है। मारपीट और हत्या का आरोप गांव के ही अभय सिंह एवं अजय सिंह सहित कुछ अन्य लोगों पर लगाया जा रहा है।

इधर, मृत किसान की बहू शांति देवी ने बताया कि दो दिन पूर्व दूसरे पक्ष के घर का लड़का उनके गेहूं लगे खेत से साइकिल लेकर जा रहा था। तब उसके ससुर ने उस लड़के से कहा कि खेत से साइकिल मत ले जाओ। गेहूं बर्बाद हो रहा है। तब उस बात लेकर दोनों के बीच



तीखी नोकझोंक हुई थी। लेकिन बात खत्म हो गई थी। बुधवार की रात उसके ससुर अपने घर में बैठे थे। तभी दूसरे पक्ष के लोग लाठी-डंडा लेकर उनके आ धमके और घर में घुसकर उसके ससुर की जमकर पिटाई कर दी। उसे देख राजू सिंह दादा को बचाने गया, तो उसकी भी जमकर पिटाई कर दी गयी। उससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गये। गंभीर रूप से जख्मी उसके ससुर गंगा विशुन सिंह को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। बुधवार की रात उनकी मौत हो गयी। उसके बाद नगर थाना की पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

**दो माह पूर्व से दोनों पक्ष में चल रहा था विवाद :** दोनों पक्षों में करीब दो माह से विवाद चल रहा था। दो माह पूर्व खेत में बकरी चराने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। मृत किसान की बहू की मानें तो दो माह पहले उनकी बकरी दूसरे पक्ष के परती खेत में चली गई थी। उसको लेकर उनके बीच झगड़ा हुआ था। हालांकि उस समय बात खत्म हो गई थी। इस बीच दो रोज पूर्व दूसरे पक्ष का एक लड़का उनके गेहूं लगे खेत से साइकिल लेकर जाने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर उसके ससुर की हत्या कर दी गयी।

## डीजे का काम कर घर लौट रहे युवकों को वाहन ने रौंदा, एक की मौत, दूसरा जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**



शहर के नवादा थाना क्षेत्र के धोबीघटवा मोड़ के समीप गुरुवार की सुबह तेज रफ्तार एक वाहन ने स्कूटी सवार दो दोस्तों को रौंद दिया। उसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृत युवक नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग निवासी सुनील चौधरी का 22 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार था। वह टेंट और डीजे में काम करता था। उसके पिता की जज कोठी मोड़ पर चाय की दुकान है। जख्मी युवक नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी निवासी श्रीनाथ तुरहा का 20 वर्षीय पुत्र दीपू कुमार है। जख्मी दीपू कुमार का इलाज शहर स्थित एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। सुनील चौधरी ने बताया कि उनका पुत्र राकेश एक टेंट और डीजे में काम करता था।

बताया जाता है कि बुधवार की रात वह अपने दोस्त के साथ जीरोमाइल स्थित डीजे में काम करने के लिए गया था। गुरुवार की सुबह दोनों दोस्त स्कूटी से घर लौट रहे था। उसी दौरान धोबीघटवा मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने स्कूटी में जोरदार ठोकर मार दी। उसमें राकेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त दीपू कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। राकेश तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके परिवार में मां चंद्रावती देवी, भाई कमलेश, गणेश, बहन पिंकी कुमारी,रिंकी कुमारी और रेणु कुमारी है।

## एक नजर

### भोजपुर में उत्पाद विभाग की टीम पर शराब माफियाओं का हमला, इंस्पेक्टर सहित नौ जख्मी

**आरा।** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के घाघा गांव की महादलित टोली में शुक्रवार की शाम शराब के धंधेबाजों द्वारा उत्पाद विभाग की टीम पर हमला कर दिया गया। शराब बिक्री की सूचना पर छापेमारी करने गयी टीम पर रोड़ेबाजी कर दी गयी। उसमें एक इंस्पेक्टर और तीन दरोगा सहित नौ पुलिस कर्मी जख्मी हो गये। सभी घायलों का इलाज जगदीशपुर के दुलौर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। हमला के दौरान धंधेबाजों द्वारा अपने चार साथियों को भी उत्पाद विभाग की कब्जे से भगा दिया गया। इस घटना को लेकर अफरा-तफरी मची रही। वहीं एसपी प्रमोद कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम बना कर हमलावरों और शराब कारोबारियों की धरपकड़ में जुटी है। उसे लेकर ताबड़तोड़ छापेमारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि उत्पाद विभाग को को सूचना मिला था कि जगदीशपुर के घाघा नट टोली में शराब का ब्रिकी हो रही है। उसके बाद पुलिस ने दल- बल के साथ देर शाम छापेमारी कर शराब के साथ दस कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद टीम सभी को गाड़ी में बैठा लिया था। उस बीच कारोबारियों की टीम शामिल लोगों द्वारा पुलिस पर हमला कर दिया गया। उस दौरान पुलिस टीम पर ईंट-पत्थर चलाया जाने लगा। उसमें इंस्पेक्टर चौधरी सूर्य भूषण नारायण, दरोगा पूजा कुमारी, राहुल दूबे, अजीत कुमार, एएसआई जीतेंद्र कुमार, राम प्रसाद यादव, जय राम यादव, सिपाही मनीष कुमार, ड्राईवर मिथलेश कुमार सहित नौ लोग जख्मी हो गए। उसका लाभ उठा पकड़े गये चार शराब कारोबारी पुलिस की गिरफ्त से फरार हो गये।

### नव सेवाश्रम संस्था ने लगाया रक्तदान शिविर

**जहनाबाद।** नव सेवाश्रम संस्था के द्वारा सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि जहानाबाद सदर अस्पताल में लगातार रक्त की कमी देखने को मिलती है। इस बीच रक्त की कमी की जानकारी एक मरीज के परिजनों से मिली। जैसे ही संस्था के संस्थापक अमित कैप्टन को इसकी सूचना मिली। उन्होंने तुरंत सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन कर दिया। शिविर में 5 लोग रक्तदान करने आए लेकिन 2 लोग अपने रक्तदान कर पाए बाकी तीन लोग चिकित्सा कारणों से रक्तदान नहीं कर पाए।



## मायके वालों से बात करने को लेकर पति से हुआ झगड़ा, गर्भवती महिला ने की खुदकुशी

**केटी न्यूज/आरा**

- मृतका के पिता का आरोप: पति ने गला दबाकर की हत्या
- मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के बेलवानिया गांव में पति से झगड़े के बाद शुक्रवार सुबह एक गर्भवती विवाहिता द्वारा खुदकुशी कर ली गयी। महिला द्वारा फांसी लगाकर जान देने की बात कही जा रही है। उसका शव बरजा मोड़ के समीप बरामद किया गया। मृत विवाहिता बेलवनिया गांव निवासी उपेंद्र तुरहा की 22 वषीर्या पत्नी गुड़िया देवी थी। उसकी शादी पिछले साल ही जुलाई में हुई थी। वह दो माह की गर्भवती थी। इधर, मायके वाले उसकी हत्या किये जाने का आरोप लगाया जा रहा है। पिता शंकर तुरहा द्वारा उसके पति पर ही मायके बात करने पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। कहा जा रहा है कि साक्ष्य मिटाने को शव को ठिकाने लगाने के लिए ले जाया जा रहा था। बीच रास्ते में शव को पकड़ा है। इधर, पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की तफ्तीश कर रही है।

**फोन पर बात करने को लेकर कई बार की थी मारपीट :** बक्सर के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के महादेवगंज गांव के रहने वाले शंकर तुरहा ने बताया कि उनकी बेटी गुड़िया की शादी 2022 के जुलाई माह में बेलवानिया गांव निवासी दीनानाथ तुरहा के पुत्र उपेंद्र तुरहा के साथ की थी। बड़ी बेटी की शादी भी उसी घर में हुई है। गुड़िया का पति हमेशा मायके में मां सहित अन्य से फोन पर बात करने से मना करता था। कई बार इसे लेकर मारपीट भी करता था।

### शादी का झांसा देकर किशोरी का यौन शोषण

**आरा।** जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के एक गांव में शादी का झांसा देकर एक किशोरी का यौन शोषण किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपित द्वारा पहले किशोरी की दुकान में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। उसके बाद शादी के नाम पर यौन शोषण किया जाता रहा। किशोरी गर्भवती हो गयी, तो पंचायती के माध्यम से मामले को रफा-दफा करने का दबाव भी दिया गया। इधर, पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। वह शाहपुर इलाके का रहने वाला सुरेश बताया जा रहा है। युवक का किशोरी के गांव में ननिहाल है। उसका अपने ननिहाल में आना-जाना लगा रहता था।




### टीबी मरीजों के बेहतर पोषण की व्यवस्था के लिए जिला यक्ष्मा विभाग हरसंभव कर रहा प्रयास

# सार्मथ्यवान लोग टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे बढ़ें: बुशरा

**केटी न्यूज/गया**

- मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पांच टीबी रोगियों के बीच कच्चे खाद्य सामग्री का वितरण किया गया
- जिला सहित राज्य स्तर के अधिकारी मरीजों की मदद के लिए आगे बढ़े हैं

जिला के टीबी रोगियों की देखभाल के लिए अब राज्य स्तर के अधिकारी भी आगे आये हैं। जिला यक्ष्मा विभाग द्वारा निक्षय मित्र बनने की अपील के बाद समाज के कई ऐसे चेहरे सामने आये हैं, जो पूरी खुशी के साथ आर्थिक रूप से कमजोर टीबी मरीजों की मदद कर रहे हैं। इन निक्षय मित्रों द्वारा समय समय पर टीबी मरीजों को अपनी ओर से बेहतर पोषण वाले कच्चे खाद्य सामग्रियों वाले फूड बास्केट उपलब्ध कराया जा रहा है।

**स्टेट टीबी सेल में अधिकारी है बुशरा अजीमः** इस क्रम में जिला के




मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक कार्यक्रम का आयोजन कर पांच टीबी रोगियों के बीच कच्चे खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इनमें आटा, चावल, मसूर दाल, गुड़, मूंगफली और अंडा आदि को शामिल करते हुए फूड पैकेट बना कर दिये गये हैं। इन सामग्रियों का वितरण स्टेट हेल्थ सोसाईटी के स्टेट टीबी सेल में स्टेट आइईसी पदाधिकारी बुशरा अजीम द्वारा किया गया है। बुशरा अजीम ने निक्षय मित्र बनते हुए समाज को एक प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा है कि सार्मथ्यवान लोग टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे बढ़े। इस जिंदगी का मकसद ही दूसरों की मदद करना है। वितरण के दौरान जिला संचारी रोग अधिकारी डॉ पंकज सिंह सहित डीपीसी सीमा कुमारी,सीनियर टेक्निलकल सुपरवाइजर मुक्ता कुमारी, हिदायतुल्लाह मौजूद रहे।

डॉ पंकज कुमार ने बताया कि जिला सहित राज्य स्तर के अधिकारी टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे बढ़े हैं। उनके द्वारा टीबी मरीजों के बेहतर पोषण की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने अपील किया है कि समाज के अन्य लोग भी निक्षय मित्र बन गरीबी टीबी मरीजों के मदद कर सकते हैं।

## खबरें फटाफट

### एससी-एसटी एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**चौगाई।** मुरार पुलिस ने थाना क्षेत्र के रेवटिया गांव से एसएसी/एसटी एक्ट के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने बताया कि उस पर स्थानीय थाने में दलित उत्पीड़न ऐक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। जिसमें वह फरार चल रहा था। उन्होंने कहा कि न्यायायल द्वारा वारंट निर्गत करने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया है।

### पुआल के ढेर में लगी आग

**केसठ।** प्रखंड के केसठ पंचायत सरकार भवन के पास एक खलिहान में रखे पुआल में गुरुवार को आग लग गई। आग की लपटें इतनी तीव्र थी कि देखते ही देखते पूरा खलिहान राख में तब्दील हो गया। आग देख ग्रामीण में अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सीओ कुमारी अनुकंपा को दिया। सूचना मिलते ही सीओ ने तत्काल फायर ब्रिगेड बुलाया। ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार खलिहान में ढाई बीघा का पुआल रखा हुआ था जो किसान हीरा महतो का बताया जा रहा है।

### घरेलू विवाद में महिला की पिटाई

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लाखनडिहरा गांव में घरेलू विवाद में एक महिला की पिटाई का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर छह लोगों के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पीड़िता लाखनडिहरा गांव की रहने वाली दिनेश दुबे की पत्नी मुन्नी देवी बतायी जाती है। पीड़िता ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि मेरी नौ वर्षीय बेटी शौच करने गयी थी। इसी दौरान दूसरे पक्ष ने बेटी पर कुत्ता दौड़ा दिया। विरोध करने पर विजय दुबे, पप्पू दुबे, सीताराम सहित अन्य लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

### गणतंत्र दिवसः बक्सर जिले का मुख्य समारोह किला मैदान में हुआ, डीएम अमन समीर ने राष्ट्रध्वज को फहराकर परेड की सलामी ली

# आन, बान और शान से लहराया राष्ट्रध्वज तिरंगा









**केटी न्यूज/बक्सर**

गुरुवार को 74 वां गणतंत्र दिवस जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहरा तथा राष्ट्रगान गाकर लोगों ने देश के प्रति अपनी जिम्मेवारियों का वहन करने की शपथ ली। जिलेभर के विभिन्न स्कूल कॉलेजों में गणतंत्र दिवस के मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मुख्य समारोह किला मैदान में हुआ। जब निर्धारित समय सुबह 9.00 बजे डीएम अमन समीर ने राष्ट्रध्वज फहराया तथा परेड की सलामी ली।

इस दौरान कई विभागों द्वारा आकर्षक झाकियां निकाली गई थी। जो आकर्षण का केन्द्र रही। अपने संबोधन में डीएम ने जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देने के साथ ही राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि इन योजनाओं को धरातल पर उतारने में जिला प्रशासन लगा है। इसके अलावे उन्होंने मद्यनिषेध कानून का अनुपालन बेहतर ढंग से कराए जाने की जानकारी दी और बताया कि इस मामले में पुलिस की भूमिका भी सराहनीय है। इसके पूर्व डीएम और एसपी मनीष कुमार के द्वारा बिहार सैन्य पुलिस, जिला पुलिस तथा गृह रक्षा वाहिनी की सलामी ली गई। मार्च पास्ट के बाद झाकियों का दौरान शुरू हुआ। कुल 13 विभागों द्वारा झांकियां निकाली गईं। जिनमें उद्योग विभाग, मद्य निषेध विभाग, आईसीडीएस, परिवहन विभाग, बिहार शिक्षा परियोजना, जीविका आदि की झांकियां रही। मद्यनिषेध तथा जीविका की झांकियों के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान किला मैदान में डीएम व एसपी के साथ राजपुर विधायक विश्वनाथ राम, अनुमंडल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार मिश्र, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोरख राम समेत जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी, कर्मी व गणमान्य मौजूद थे।

**डुमरांव में एसडीएम ने किया झंडोतोलनः** वहीं दूसरी तरफ डुमरांव अनुमंडल मुख्यालय का मुख्य समारोह राज हाई स्कूल के खेल मैदान में आयोजित हुआ था। जहा एसडीएम कुमार पंकज ने झंडोतोलन कर मार्च पास्ट की सलामी ली। मार्च पास्ट में विभिन्न स्कूल कॉलेजों के एनसीसी कैडेट, एनएसएस के स्वयंसेवी तथा अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहे। मार्च पास्ट व झांकी के दौरान छात्रों की प्रस्तुति पर लोग तालियां बजाते नजर आए। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया का सबसे अच्छा संविधान है। उन्होंने लोगों से संविधान का आदर करने की नसीहत दी। वही एसडीएम ने आम आवाम को स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेने तथा अपने परिवेश को साफ व सुंदर बनाने की बात कही। मौके पर एएसपी राज समेत कई अन्य पदाधिकारी व बुद्धिजीवी मौजूद थे।

**कहां किसने किया झंडोतोलनः** डीएम अमन समीर ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय व किला मैदान में झंडोतोलन किया। जबकि एसपी मनीष कुमार ने एसपी कार्यालय पर, बक्सर नगर परिषद कार्यालय पर चेयरमैन निशा फरीदी, रेडक्रास के कार्यालय पर एसडीओ धीरेन्द्र मिश्र, विश्वामित्र अस्पताल में डायरेक्टर डॉ राजीव कुमार झा, डुमरांव अनुमंड कार्यालय व राज हाई स्कूल के खेल मैदान में एसडीएम कुमार पंकज, एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ राज, थाना परिसर में थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम, संत जॉन सेकेन्ड्री स्कूल में डायरेक्टर डा रमेश सिंह, राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल में निदेशक ब्रह्मा ठाकुर समेत सभी सरकारी व निजी स्कूल कॉलेजों, दफ्तरों आदि जगहों पर झंडोतोलन कर गणतंत्र दिवस मनाया गया है।

## विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से संपन्न

**केटी न्यूज/बक्सर**

वसंत पंचमी का त्योहार धूमधाम से संपन्न हो गया। इस मौके पर परंपरागत तरीके से विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बनाए गए पूजा पंडालों तथा शैक्षणिक संस्थानों में यह त्योहार बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया।

वसंत पंचमी और गणतंत्र दिवस एक ही दिन होने से लोगों को उत्साह बढ़ गया था। सरस्वती पूजा को ले पंडालों में सुबह से ही रौनक थी। पूजा समिति के सदस्यों तथा विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक विधान से विद्या देवी की पूजा की गई। इसके बाद जयकारे के साथ पट खोला गया। पट खुलते ही दर्शन व पूजन करने वालों की भीड़ लग गई। यही हाल सभी सरकारी व निजी स्कूल, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों में भी रही। चारो तरफ ध्वनि विस्तारक यंत्रों से विद्या की अराध्य देवी के गीत बज रहे थे। लोग इस मौके पर वसंतोत्सव भी मनाते देखे गए। बता दें कि सरस्वती पूजा के साथ ही वसंतोत्सव की शुरूआत हो जाती है, जो होली तक चलता है। इस मौके पर परंपरागत फाग गायन की शुरूआत भी होती है।

## 12 वर्षीय बालक ने बनाई मां शारदे की प्रतिमा

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के स्थानीय बाजार पुराना बाजार में 12 वर्षीय बालक ने मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा का निर्माण किया है। उसके द्वारा बनाई मूर्ति का खूब बखान किया जा रहा है। इस नन्हें मूर्तिकार राजा गुप्ता ने बताया कि वह बचपन से मूर्ति निर्माण में रूचि रखता है तथा खुद से इस मूर्ति का निर्माण किया है। उसके द्वारा बनाई गई प्रतिमा केसठ पुराना बाजार के पूजा पंडाल में स्थापित है। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लग रही है।



वही राजा के बड़े भाई विकास कुमार गुप्ता ने बताया गया कि राजा एक होनहार बालक है वह करीब 6 वर्षों की उम्र से ही मूर्ति निर्माण का कार्य कर रहा है। खास यह कि राजा ने मूर्तिकारी की शिक्षा नहीं ली है। बल्कि वह स्वतः ही मूर्तियों का निर्माण कर लेता है। उसकी बनाई मूर्तियां काफी भव्य हो रही है। वे अपने प्रतिमा में मां सरस्वती के प्रतिमा के साथ-साथ मां भारती की प्रतिमा और इंडियन आर्मी के एक जवान की प्रतिमा का निर्माण किया है। जो देखने में काफी आकर्षक लग रहा था। वही लोगों ने बताया कि वह मिट्टी की प्रतिमा समेत किसी भी चीज का अपनी आंखों से देख कर अच्छी चित्रकारी भी करता है। जिसे देख सभी मंत्रमुग्ध हो जाते हैं।

## एक नजर

### गणतंत्र दिवस समारोह मना स्कूल से लौट रही किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, तीन गिरफ्तार

**डुमरांव।** अनुमंडल के सिकरौल थाना क्षेत्र के एक गांव में गणतंत्र दिवस समारोह मनाने स्कूल गई एक 14 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में भी एक नाबालिक है जबकि दो युवक है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त किशोरी अपने घर से गणतंत्र दिनस समारोह में शामिल होने स्कूल गई थी। लौटने के दौरान तीन की संख्या में अरोपी उसे जबरन पकड़कर एक कमरे में बंद कर दिया और बारी बारी से दुष्कर्म किया। उनके चंगुल से छूट किशोरी अपने घर गई तथा परिजनों को आपबीती सुनाई तो परिजन उसे लेकर थाना पहुंचे। पुलिस ने तत्काल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही पुलिस अभिरक्षा में किशोरी को मेडिकल जांच के लिए भेजा। गिरफ्तार आरोपियों में एक बिट्टू चौधरी उम्र 26 वर्ष, टेंगारी उम्र 25 वर्ष तथा एक 15 वर्षीय किशोर है। तीनों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस की मानें तो आरोपियों पर पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### बक्सर स्टेशन पर 14 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, आरपीएफ को मिली सफलता

**बक्सर।** बक्सर आरपीएफ की टीम ने गणतंत्र दिवस के दिन प्लेटफार्म चेकिंग अभियान के दौरान एक तस्कर को 14 किलो गांजा के साथ पकड़ा है। उसकी गिरफ्तारी प्लेटफार्म संख्या 2 से की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस के दिन टेज्न आने के बाद चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान प्लेटफार्म संख्या 2 पर एक संदिग्ध युवक दिखाई पड़ा। जिसके पीठ पर एक पिट्ठु बैग तथा हाथ में एक झोला था। उन्होंने बताया कि जब उक्त संदिग्ध को रोककर कर तलाशी ली गई तो पिट्ठु बैग और झोला से गांजा बरामद हुआ। दीपक ने बताया कि पिट्ठु बैग में 13 पैकेट में जबकि झोला में 3 पैकेट मिलाकर कुल 16 पैकेट गांजा था। जिसका कुल वनज 14.167 ग्राम था। बताया जाता है कि बरामद गांजे की कीमत लगभग डेढ़ लाख रूपए है। तस्कर की पहचान उत्तर प्रदेश के भरौली नई बस्ती के रामजी गुप्ता के रूप में हुई है। आवश्यक पूछताछ के बाद उसे जीआरपी को सौंप दिया गया। जबकि जीआरपी द्वारा उसे जेल भेज दिया गया है।

### 432 पीस शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के कड़वी मोहल्ले में छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। पकड़ा गया आरोपी कड़वी मोहल्ले का रहने वाला रामराज के पुत्र राजू कुमार बताया जाता है। पुलिस की टीम इसके ठिकाने से छिपाकर रखे गये 432 पीस टेट्रा पैक शराब को बरामद किया है। पुलिस ने धंधेबाज से कड़ी पूछताछ तथा कागजी कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पकड़ा गया आरोपी यूपी से शराब लाकर अपना धंधा कर रहा है। सूचना मिलते ही एक टीम गठित कर आरोपी के ठिकाने पर निगरानी बढा दी गयी। इस दौरान पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा। जिसे त्वरित कार्रवाई करते हुए पकड़ा गया।

### रोक के बावजूद किसानों ने निकाली ट्रैक्टर रैली

**चौसा।** प्रशासन द्वारा स्वीकृति नहीं दिए जाने के बावजूद चौसा के आंदोलनकारी किसानों ने गणतंत्र दिवस के मौके पर ट्रैक्टर रैली निकाली।



हालांकि प्रशासन द्वारा इसे बीच में ही रोक रूट डायवर्ट कर दिया गया। जानकारी के अनुसार किसानों ने 1.30 बजे से बनारपुर गांव के मैदान से यह ट्रैक्टर रैली निकाली। आगे-आगे एक हार्वेस्टर व सैकड़ो बाइक के पीछे करीब 150 ट्रैक्टर रैली में शामिल हुए। यह रैली अखौरीपुर गोला, चौसा, मिश्रवलिया, कृतपुरा होते दानी के कुटिया के पास पहुंची जहा से इस प्रशासन द्वारा रोक रूट डायवर्ट करा दिया गया। हालांकि रैली में शामिल कुछ किसान किला मैदान तक जाने की जिद कर रहे थे। लेकिन प्रशासन द्वारा कई कारणों का हवाला दे उन्हें किला मैदान जाने की इजाजत नहीं दी गई। इस दौरान चौसा सीओ व बीडीओ रैली के दौरान विधि व्यवस्था की कमान संभालते देखे गए थे।

## कोरानसराय व मुरार पुलिस ने भारी मात्रा में शराब के साथ तस्करों को किया गिरफ्तार

- कोरानसराय पुलिस ने कोपवां मोड़ पास से बाइक पर सवार दो कारोबारियों को पकड़ा
- मुरार पुलिस ने तीन लीटर महुआ शराब के साथ विकास नट को गिरफ्तार किया

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल की मुरार और कोरानसराय पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस दौरान जहा कोरानसराय पुलिस ने 25 लिटर देशी शराब के साथ दो कारोबारियों को पकड़ा है वही मुरार पुलिस ने 3 लिटर देशी शराब के साथ एक कारोबारी व दो शराबियों समेत कुल तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार कोरानसराय पुलिस ने कोपवां मोड़ पास से एक बाइक पर सवार दो कारोबारियों को 25 लीटर देशी शराब व एक पैशन प्रो बाइक के साथ पकड़ा है। जबकि उनका तीसरा साथी अंधेरे का लाभ उठा भागने में सफल रहा। कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि कारोबारियों द्वारा एक बाइक पर शराब की तस्करी की जा रही थी। इसी दौरान गश्ती टीम द्वारा उन्हें पकड़ा गया। उनके पास एक एक गैलन में 15 लिटर तथा पांच-पांच लिटर के दो डब्बों में भरा हुआ कुल 25 लिटर शराब बरामद हुआ। गिरफ्तार कारोबारियों में मोतीसाबाद के पिंटू कुमार और अरबिंद कुमार शामिल है। जबकि उनका तीसरा साथी जगेश्वर बिंद भी इसी गांव का रहने वाला है।

वही मुरार पुलिस ने थाना क्षेत्र के एकराशी मोड़ के पास से तीन लिटर महुआ शराब के साथ विकास नट नामक कारोबारी को जबकि शराब के नशे में ओझा बरांव निवासी किसान राजभर तथा उसके रिश्तेदार दिनारा निवासी पप्पू राजभर को गिरफ्तार किया है। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि तीनों को जेल भेज दिया गया है।

## खेलने के दौरान नाले में गिरा बच्चा, मौत

**बक्सर।** इटाढ़ी थाना क्षेत्र के डेहरिया गांव में शुक्रवार को दोपहर नाले में गिरने से एक ढाई साल के बच्चें की मौत हो गई है। परिजन जबतक उसे देखते तथा नाले से बाहर निकालते तबतक देर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही इटाढ़ी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। मृतक स्थानीय गांव निवासी वकील राजभर का ढाई साल का पुत्र है। इटाढ़ी थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर वह मासूम घर से बाहर खेल रहा था। खेलने के दौरान ही नाले में गिर गया। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। घरवालों का रो रोकर बुरा हाल है।

## मुंडन संस्कार में गए युवक की गंगा में डूबने से मौत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मुंडन संस्कार में शामिल होने गए एक युवक की मौत गंगा के भागड़ में डूबने से हो गई। स्थानीय गोताखोरों ने करीब एक घंटे के प्रयास के बाद उसके शव को पानी से बाहर निकाला। तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना शुक्रवार को दोपहर करीब दो बजे रामदास राय के डेरा ओपी थाना क्षेत्र के पकड़ी घाट का है। मृतक दीपक यादव उम्र 30 वर्ष पिता श्रीराम यादव भरियार ओपी थाना क्षेत्र चक्की लक्ष्मण डेरा गांव का रहने वाला था।

बताया जाता है कि वह मुंडन संस्कार में शामिल होने आया था। इसी दौरान वह अन्य युवकों के साथ भागड़ में नहाने लगा। नहाने के दौरान ही गहरे पानी में समा गया। उसके साथ नहा रहे युवकों ने उसे डूबते देखा तो शोरगुल मचाना शुरू किया। इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल स्थानीय तैराक मौके पर पहुंचे तथा शव की तलाश में जुट गए। करीब एक घंटे के बाद उसके शव को बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस ने उसे कब्जें में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया। इस घटना के बाद मृतक के घर कोहराम मच गया। पलक झपकते ही खुशी मातम में बदल गई। मांगलिक गीतों की जगह क्रंदन चित्कार मच गया था।

### दीपक कुमार पांडेय को जिला मीडिया प्रभारी, गौतम कुमार उर्फ भुअर सिंह को जिला महासचिव बनाया गया

# लोजपा ने मिलन समारोह में सैकड़ों लोगों को पार्टी से जोड़ा

- बक्सर लोजपा रामविलास का संगठन विस्तार सह सदस्यता अभियान केसठ प्रखंड के रामपुर में किया गया
- जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने सभी को सदस्यता ग्रहण कराई

**केटी न्यूज/केसठ**

शुक्रवार को बक्सर लोजपा रामविलास का संगठन विस्तार सह सदस्यता अभियान केसठ प्रखंड के रामपुर मे पार्टी जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित हुआ। इस दौरान सैकड़ों युवाओ ने दीपक कुमार पांडेय उर्फ रिंकू पांडेय के नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण किया। सभी लोगों को जिलाध्यक्ष अखिलेश



कुमार सिंह ने सदस्यता ग्रहण कराई। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने कहा की पुरे बिहार मे जिस तरह हर जाति धर्म में राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की लोकप्रियता बढ़ रही है तथा बिहार का युवा वर्ग श्री पासवान में अपनी आस्था प्रकट कर रहे है। उससे लगता है की बिहार की जनता 2025 में चिराग पासवान को मुख्यमंत्री के रूप देखने का मन बना चुकी है। साथ ही लोजपा रामविलास का विजन बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट गांव गांव तक जनता पसंद कर रही है। निश्चित रूप से बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट से ही बिहार बिकसित होगा। जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी व चिराग पासवान के प्रति समर्पण के चलते दीपक कुमार पांडेय उर्फ रिंकू पांडेय को जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है।

जबकि गौतम कुमार उर्फ भुअर सिंह को जिला महासचिव बनाया गया है। इन सभी साथियों को पार्टी मे शामिल होने से बक्सर में संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह कारवां चिराग पासवान को मुख्यमंत्री बनाने तक अनवरत चलता रहेगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इसमें उन्हें सभी वर्गो का समर्थन मिल रहा है। इस मिलन समारोह मे शामिल केसठ प्रखंड अध्यक्ष छोटेलाल पासवान, जिला महासचिव गोल्डी दुबे, आइटी जिलाध्यक्ष पप्पु पासवान, अंकित पासवान, राजाधन पासवान, मुकंद बारी, सुरेन्द्र राम, मिथिलेश पासवान, विक्की पासवान, कृष्णा पाठक, उमेश पासवान, नसीम अंसारी, विवेक पांडेय उर्फ गोलु, संजय कुमार पासवान, ठाकुर भानुशंकर सिंह, गिरदावल राजभर, मनोज कुमार सिंह, हरेराम चौबे, पप्पु कुमार पासवान, राकेश दुबे, राजेश राम, पवन पासवान, शिशिर कश्यप, नंदलाल बारी, विक्की पासवान, विजय पासवान, अतुल कुमार पासवान, कौशल कुमार, आनंद पासवान, सुनिल पासवान, भोला कुमार, अजय पासवान, मुन्ना पासवान, उत्तम पासवान, बिकास कुमार, गुडु पासवान समेत सैकड़ो पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

## खबरें फटाफट

### फांसी लगा युवती ने की खुदकुशी

**बलिया।** गड़वार थाना क्षेत्र के इंदरपुर गांव में एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतार कर कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रोते–रोते बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार इंदरपुर गांव निवासी नेहा उम्र 19 पुत्री प्रेमचंद गुरुवार की देररात किसी समय दुपट्टे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। शुक्रवार की सुबह जब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को शंका हुई, इसके दरवाजा तोड़ा तो अंदर का दृश्य देखकर दंग रह गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बलिया–छपरा रेलखंड पर मिला अज्ञात शव

**बलिया।** सियरहियां नारायनगढ़ गांव के पास बलिया–छपरा रेल खण्ड के मध्य शुक्रवार को 52 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली, बलिया–छपरा रेल खण्ड के मध्य पोल संख्या 31/17 और 31/16 के मध्य सियरहियां,नारायण गढ़ गांव के सामने रेलवे लाइन पर 52 वर्षीय व्यक्ति का छत–विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। इस दौरान मौके पर भीड़ जुट गई।

### अवैध तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

**रेवती।** स्थानीय पुलिस में सफलता हासिल करते हुए एक युवक को अवैध तमंचा एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को सुसंगत धाराओं के तहत चालान न्यायालय कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने बताया कि एसआई चंद्र भूषण पांडेय,कां तरुण मिश्रा अनिल चौधरी की टीम दतहां टीएस बंधे पर क्षेत्र में मामूर थी तथा चेकिंग कर रही थी। इसी बीच एक युवक पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। जिसे पुलिस टीम ने दौड़ाकर पकड़ लिया।

## गणतंत्र दिवस: गाजीपुर, बलिया, मऊ आदि जनपद में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस, देश के प्रति अनूठे प्रेम का दिखा जज्बा

# राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने की ली शपथ

**केटी न्यूज/गाजीपुर/बलिया**





कलेक्ट्रेट में 74वां गणतन्त्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीएम आर्यका अखौरी ने ध्वजारोहण किया तथा उपस्थित सभी को एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं देते बधाई दी तथा रायफल क्लब सभागार में जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो /आश्रितो को अंगवत्र एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश के महान विभूतियों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत रूप जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर मनमोहक प्रस्तुतियां पेश की गई। जिलाधिकारी द्वारा समस्त छात्र/छात्राओं को उनकी मनमोहनक प्रस्तुति के लिए प्रशंसा करते हुए सभी को कार्यक्रम में सम्मिलित होने पर धन्यवाद दिया। समारोह में अपर डीएम अरूण कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, कलेक्ट्रेट के कर्मचारीगण उपस्थित थे। इसके बाद जिलाधिकारी पुलिस लाइन पहुंचीं, जहां पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने उनका स्वागत किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन मैदान में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने झंडा फहराया तथा पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली। परेड में शामिल विभिन्न टोलियों द्वारा मुख्य मंच से गुजरते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी गई।

मुख्य अतिथि ने परेड को कमान्ड कर रहे प्रथम, द्वितीय व सभी टोली के कमान्डर से परिचय प्राप्त किया। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त सराहनीय सेवा मेडल, जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को लगाया गया। प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इसके उपरांत विभिन्न कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अन्त में आगन्तुको में मिष्ठान का वितरण किया गया। **मंत्री**







**अनिल राजभर ने पुलिस लाइन में, तो एसपी ने पहले आवास पर फहराया तिरंगा:** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा सर्वप्रथम अपने आवास पर झंडा फहराया गया तथा मौजूद कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित किया गया। पुलिस लाइन में इसके उपरांत मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने तिरंगे को सलामी देकर परेड की सलामी ली गई।

इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत परेड में शामिल विभिन्न टोलियों द्वारा मुख्य मंच से गुजरते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा परेड को कमान्ड कर रहे प्रथम, द्वितीय व सभी टोली के कमान्डर से परिचय प्राप्त किया गया। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त सराहनीय सेवा मेडल, जनपद मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को लगाया गया तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत विभिन्न कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**गणतंत्र दिवस भारत के इतिहास का स्वर्णिम दिन- डॉ वेद प्रकाश पांडेय**

**गाजीपुर।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर बलदेव श्रीधर नर्सिंग इंस्टीट्यूट भवरहा पांडेयपुर राधे में झंडारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। पूर्व विधायक कालीचरण राजभर ने ध्वजारोहण किया। प्रबंध निदेशक डा वेद प्रकाश पांडेय ने कहा कि देशभर में गणतंत्र दिवस का पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। गणतंत्र दिवस भारत के इतिहास का स्वर्णिम दिन है। इस दिन भारत एक लोकतांत्रिक और संवैधानिक राष्ट्र बन गया था। दुनिया के अन्य देशों के बराबरी पर आकर खड़ा हो गया, जो अपने फैसले लेने के लिए स्वतंत्रता है और दूसरे देशों की दखलंदाजी से दूर है। दरअसल हिंदुस्तान पर दशकों ब्रिटिश हुकूमत ने शासन किया। 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हो गया। आजादी के बाद देश के नेतृत्व के भारत को एक लोकतांत्रिक देश बनाने की तैयारी शुरू करते हुए संविधान का निर्माण किया और 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ। तब से हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का पर्व मनाया जा रहा है। इस दौरान डा आलोक तिवारी, डा अमृत प्रकाश, प्रीति सिंह प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षक गण मौजूद रहे।

**माउंट लिट्रा जी स्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस**

**गाजीपुर।** शहर के बंधवा पीरनगर स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल में गणतंत्र भारत की 74वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर स्कूल के निदेशक मोहित श्रीवास्तव ने झंडारोहण किया। इसके बाद विद्यालय के छात्र, छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौर में विद्यालय के कक्षा नौवीं की छात्रा खुशी व बारहवीं के छात्र आशुतोष एवं विद्यालय के शिक्षक ज्ञान शंकर दूबे ने शहीदों के चन्द कथनों स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए किए गए उनके प्रयासों एवं गणतंत्र दिवस से जुडे मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। गणतंत्र दिवस के इस पावन पर्व को मनाने के साथ-साथ बसंत-पंचमी के शुभ अवसर पर विद्या-दायिनी मां सरस्वती की उपासना पूरे विधि-विधान से की गई। विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र,छात्राओं ने माँ सरस्वती की मूर्ति के समक्ष शांति समृध्दि, बुद्धि व सफलता की कामना की।

**मऊः धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस समारोह**

**मऊ।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस गुरुवार को सभी सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यालय में झंडारोहण कर- के उनके विभागाध्यक्ष द्वारा धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर एसडीएम कार्यालय पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय कोतवाली परिषद रेलवे स्टेशन जेनब मेमोरियल अस्पताल उप निबंधक कार्यालय स्टेट बैंक यूनियन बैंक बी आर के इंटर कॉलेज बाबा बहाल दास इंटर कॉलेज खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संत गणिनाथ राजकीय पीजी कॉलेज विपणन केंद्र कार्यालय में 74 वां गणतंत्र दिवस झंडारोहण का धूमधाम से मनाया।

**बलियाः धूमधाम से मनाया गया 74वां गणतंत्र दिवस**

**बलिया।** 26 जनवरी के 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने अपने कार्यालय कैंप और जिलाधिकारी कार्यालय में झंडारोहण किया। साथ ही उपस्थित लोगों को अपने राष्ट्रध्वज और राष्ट्र के प्रति सच्ची श्रद्धा रखने की प्रतिज्ञा भी दिलाई। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने जिलाधिकारी कार्यालय में स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का माल्यार्पण किया, तदुपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में उन्होंने कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों के साथ बैठक की। जिला अधिकारी ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी रामविचार पांडे और दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी नारायण जी की पत्नी ज्योतिया देवी को माला पहनाकर और शाल भेंट कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि बीते वर्षों में हम लोगों ने बहुत कुछ देखा है। देश ने कोरोना जैसी महामारी से निपटने हुए अपने को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है। वर्तमान समय में भारत जी-20 का अध्यक्ष होने का गौरव प्राप्त कर चुका है। हम सभी जनपद वासियों को चाहिए कि हम सब भी राष्ट्र के निर्माण में अपना भरपूर सहयोग दें। उन्होंने कहा कि जनपद का विकास केवल प्रशासन के द्वारा ही नहीं अपितु जनता के सहयोग से भी विकसित हो पाएगा। हम सभी को मिलकर इसके लिए आज के दिन संकल्प लेना चाहिए कि हम हर कार्य अपने जनपद के विकास के लिए करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जल्द ही पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से बलिया को जोड़ दिया जाएगा। जिससे आमजन लोगों को और भी सुविधाएं मिलेंगी साथ ही रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के भूतपूर्व कर्मचारी पतिराम जी ने राष्ट्र भक्ति से संबंधित गीत प्रस्तुत किया। बैठक में इतिहास लेखक शिवकुमार कौशिकेय ने 26 जनवरी के महत्व पर बात रखी।

## तेज रफ्तार डंपर ने वन विभाग के कार्यालय को किया क्षतिग्रस्त

**गाजीपुर।** जंगीपुर थाने के अंतर्गत जिले की तरफ से आ रही तेज रफ्तार डंपर ने सुबह शेखपुर के पास अनियंत्रित होकर वन विभाग के कार्यालय को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना में ड्राइवर की सतर्कता से एक बड़ा अनहोनी होने से बच गया।

गाजीपुर की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही डंपर शेखपुर सड़क किनारे खड़ी डंपर को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा में बने क्षेत्रीय वन अधिकारी के कार्यालय को क्षतिग्रस्त कर दिया। यह हादसा ऐसा था कि लोग देखकर हतप्रभ रह गए। संजोग यह ही रहा की उस वक्त कार्यालय में वन अधिकारी मौजूद नहीं थे, वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। इस हादसे में क्षेत्रीय वन अधिकारी कार्यालय का लगभग दो से तीन लाख का नुकसान भी हुआ है।

## इलेक्ट्रिक दुकान से लाखों के सामान की चोरी

**रेवती।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गायघाट गांव में रेवती सहतवार मुख्य मार्ग के किनारे स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान से चोरों ने लाखों का सामान गायब कर दिया। गायघाट निवासी छोटे लाल चौरसिया की इलेक्ट्रॉनिक की दुकान रेवती-सहतवार मुख्य मार्ग के किनारे स्थित है। चोर दुकान से तीन एलईडी टीवी,10 अदद सिलिंग फैन,दो अदद मिक्सर ग्राइंडर,एक होम थियेटर,20 पीस एलईडी राड, 40 पीस एलईडी बल्ब आदि गायब था।

## मछली मारने गए अधेड़ पर जानवर ने किया हमला

**गड़वार।** गोपालपुर भदपा के बीच में स्थित लकड़ा नदी के किनारे मछली मारने गये एक अधेड़ पर तेंदुआ जैसा जानवर ने हमला कर दिया। जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार हजौली गांव के सुभाष चंद्र पुत्र राधा राम अपने साथियों के साथ गुरुवार की दोपहर लगभग 2-3 बजे दिन में नदी में मछली पकड़ने गये थे। जिन पर घात लगाकर झांकियों में बैठा तेंदुआ से मिलता जुलता कोई खूंखार जंगली जानवर अचानक हमला बोल दिया। जिससे सुभाषचंद्र राम घायल हो गया। क्षेत्र में तेंदुआ के सूचना मिलने पर वन विभाग एवं गडवार पुलिस दल की संयुक्त टीम नदी किनारे चक्रमण कर रही है। अभी भी हमला करने वाले का पता नहीं लगा है वन विभाग की टीम उसी क्षेत्र में कैम्प डाली है।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**मऊ।** मऊ जनपद कोतवाली थाना क्षेत्र के मुंशीपुरा मुंशी पुरा ओवरब्रिज से 500 मीटर दूर ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। बृहस्पतिवार रात 11:30 बजे मऊ रेलवे स्टेशन कंट्रोल को सूचना मिली कि एक व्यक्ति रेलवे ट्रैक पर मृत पड़ा है। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने जब जेब की तलाशी ली तो आधार कार्ड के अनुसार उसकी पहचान मुकेश बरनवाल पुत्र शिव कुमार बरनवाल मल्लाह पट्टी थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर के रूप में हुई।

## परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, विधायक केतकी सिंह ने मैरिटार सुरहाताल का किनारा को पर्यटन स्थल के रूप में किया घोषित

# सुरहाताल: बसंतपुर की तरफ मैरिटार का किनारा भी दिखेगा गुलजार

**केटी न्यूज/बलिया**





सुरहा ताल की रौनक अब चारो ओर से बढ़ाने का प्रयास जिला प्रशासन की ओर से हो रहा है। अब बसंतपुर की तरह मैरीटार गांव की तरफ से भी सुरहाताल का किनारा पर्यटन के लिहाज से गुलजार दिखेगा। उधर से भी पर्यटक अब बोटिंग का आनंद ले सकेंगे।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, विधायक केतकी सिंह और जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने शांति का प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाकर मैरिटार सुरहाताल का किनारा भी पर्यटन स्थल के रूप में घोषित किया। परिवहन मंत्री ने कहा कि सुरहा ताल में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। जिला प्रशासन और हम सब का प्रयास है कि यहां अधिक से अधिक पर्यटक आएं। इससे लोग प्राकृतिक वादियों का आनंद भी ले पाएंगे और इस क्षेत्र का विकास भी होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि बसन्तपुर शहीद स्मारक की भांति इस जगह को भी शानदार पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। मैरिटार में भी बोटिंग रैंप का भी निर्माण किया गया है। साथ ही पर्यटन शेड और वहां पर पर्यटन के लिए आने वाले लोगों के लिए वाटर फिल्टर की भी व्यवस्था की गई है।

**नौकायन प्रतियोगिता का आयोजन:** इस अवसर पर मैरिटार में सुरहाताल के किनारे नौकायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें किनारे के नाविकों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, विधायक केतकी सिंह, जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। इसमें विवेक साहनी को प्रथम, भोला साहनी को द्वितीय और बसंतपुर के सतेंद्र साहनी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर एसपी राजकरन नैय्यर, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, डीडीओ राजित राम मिश्र, बांसडीह एसडीएम राजेश कुमार व अन्य मौजूद थे।

## एक नजर

### मेघावी छात्र-छात्राओं को 21000 रुपये का चेक, मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**गाजीपुर।** डीएम आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में वर्ष 2022 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट, समकक्ष परीक्षा उतीर्ण मेघावी छात्र-छात्राओं को 21000 रुपये का चेक, टैबलेट, मेडल, प्रशस्ति पत्र, देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे जिले के 22 छात्र- छात्राओं को हाई स्कूल एवं इंटर की परीक्षाओं में प्रदेश स्तर पर मेरिट लिस्ट में नाम हासिल किया है, जो बधाई के पात्र है। इसी उपलक्ष्य में इन्हें 21,000 रुपये का चेक, टैबलेट, मेडल, प्रशस्ति पत्र, देकर सम्मानित किया गया।

### अजमेर जाने के लिए विशेष ट्रेन चली

**मऊ ।** हजरत मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह अजमेर जाने के लिए भारतीय रेल द्वारा एक विशेष ट्रेन चलाकर अकीदत मंदो के लिए विशेष पुनीत कार्य किया। गुरुवार को बरौनी से चलकर अजमेर को जाने वाली उर्स स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन मोहम्मदाबाद गोहना रेलवे स्टेशन पर सायंकाल 4:30 बजे पहुंची जबकि स्ट्रेन की सुरक्षा एवं यात्रियों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो जिसको लेकर आजमगढ़ से आए आरपीएफ के हेड कांस्टेबल विग्नेश यादव ने ट्रेन के आते ही यात्रियों को एक-एक करके उनके कोच में चढ़ाया और कहा किआपकी यात्रा मंगलमय हो।

### एंबुलेंस और बाइक की टक्कर में युवक की मौत

मऊ। नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के सहादतपुरा एसबीआई बैंक के पास एंबुलेंस और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर देख पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली थाना क्षेत्र के सहादतपुरा एसबीआई बैंक के पास बुधवार की देर रात लगभग 11:30 बजे गाजीपुर तिराहे से होते हुए आजमगढ़ मोड़ की तरफ आ रही थी तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक मोहम्मद साकिब पुत्र जसीम 26 वर्ष निवासी बुलाकी पुरा थाना कोतवाली तथा शहीदुर्रहमान पुत्र मोहम्मद अहसान 29 वर्ष निवासी रघुनाथपुरा थाना कोतवाली अपनी मोटरसाइकिल लेकर जा रहे थे। अचानक कोतवाली थाना क्षेत्र के सहादतपुरा एसबीआई बैंक के पास अनियंत्रित एंबुलेंस से मोटरसाइकिल सवार की टक्कर हो गई और मोटरसाइकिल एंबुलेंस में फंस गई और घसीटते हुए लगभग आजमगढ़ मोड़ के पास तक पहुंच गई।